# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

रायपुर–थानों मार्ग, निकट महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, रायपुर, देहरादून

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in E-mail: chayanayog@gmail.com


**पत्रांक संख्या : 21 /विविध – अधियाचन/2021** **दिनांक 09 अप्रैल, 2021**

## : अधिसूचना/विज्ञप्ति :

**विषय : विभिन्न नियोक्ताओं के अधीन दैनिक वेतन/संविदा/आउटसोर्स पर कार्य कर रहे अभ्यर्थियों से आयोग को प्राप्त हो रहे प्रतिवेदनों के सम्बन्ध में ।**

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा उत्तराखण्ड सेवा चयन आयोग को प्रेषित किए गए **समूह "ग"** के विभिन्न रिक्त पदों से सम्बन्धित् अधियाचनों को संकलित कर आयोग द्वारा समय–समय पर विज्ञापन प्रकाशित करते हुए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

विभिन्न विभागों में दैनिक वेतन/संविदा/आउटसोर्स आदि के माध्यम से कार्यरत बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने उक्त प्रकाशित रिक्तियों के सापेक्ष अपने प्रत्यावेदन अन्यों के साथ साथ आयोग को भी प्रेषित करते हुए यह अनुरोध किया है कि चूँकि वे काफी लम्बे समय से सम्बन्धित् विभाग में कार्यरत् रहने के फलस्वरूप उन्हें इन प्रकाशित रिक्तियों पर विनियमितीकरण या अधिमान का लाभ दिया जाय।

उक्त के सम्बन्ध में आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि आयोग एक स्वायत्तशासी संस्था है। आयोग का मुख्य कार्य विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये अधियाचनों के सापेक्ष प्रचलित नियमावली के तहत चयन प्रक्रिया सम्पन्न करवाकर चयनित योग्य अभ्यर्थियों की संस्तुति विभागों को किया जाना मात्र है। जहॉ तक विभागों में दैनिक वेतन/संविदा/आउटसोर्स आदि के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को उनके सेवाकाल की अवधि के सापेक्ष विनियमितीकरण करने एवं नियमित नियुक्ति में अधिमान दिये जाने का प्रश्न है, तो यह कार्य आयोग के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का निर्णय लिये जाने का अधिकार सम्बन्धित् प्रशासनिक विभाग अथवा राज्य सरकार में ही निहित है।

अतः विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को प्रेषित किए गए/किए जा रहे प्रत्यावेदनों पर आयोग स्तर से किसी भी प्रकार की कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं है।

**(सन्तोष बडोनी)**
सचिव।

प्रतिलिपि :–

1. उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (आई0टी0 सैल) को जनसाधरण हेतु आयोग की वेबसाइट में अपलोड किए जाने हेतु।
2. गार्ड फाइल।

**(सन्तोष बडोनी)**
सचिव।